**भारत सरकार**

**पोत परिवहन मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **5345** जिसका उत्तर

गुरूवार, **25 जुलाई**, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाना है

**उत्तर-पूर्वी राज्यों में शुष्क पत्तन और नदी पत्तन**

**5345. श्रीमती अगाथा के. संगमाः**

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेघालय में दावकी शुष्क पत्तन सहित उत्तर-पूर्वी राज्यों में सभी शुष्क और नदी पत्तनों की वर्तमान स्थिति क्या है और उनके कब तक पूरे होने की संभावना है; और

(ख) क्या बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान और चीन की सीमाओं पर उत्तर-पूर्वी राज्यों में नए पत्तन स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री मनसुख मांडविया)**

(क) इस समय केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा उत्तर-पूर्वी राज्यों में 40 भूमि सीमा शुल्क स्टेशन (एलसीएस)/शुष्क पत्तन अधिसूचित किए गए हैं। ये एलसीएस स्थलीय रास्तों और/अथवा अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। रास्तों के ब्योरे सहित एलसीएस की सूची **अनुबंध** के रूप में संलग्न है। गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सांविधिक निकाय, नामतः भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण द्वारा सितंबर, 2016 में एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) 'दावकी' के विकास कार्य की संविदा सौंपी गयी थी, जिसे 24 महीनों की अवधि में कार्यान्वित करके अक्तूबर, 2018 तक पूरा किया जाना था। काम की अत्यंत धीमी प्रगति के कारण यह संविदा दिनांक 17.01.2019 को रद्द कर दी गयी थी। ठेकेदार द्वारा, इस संविदा को रद्द करने के विरूद्ध मेघालय उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है और यह मामला न्यायाधीन है।

(ख) भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण द्वारा उत्तर-पूर्वी राज्यों में दो भूमि पत्तनों, नामतः असम के करीमगंज जिले में सुतरकंडी तथा मिजोरम के लुंगलेई जिले में कारपुईछुआ को विकसित करने का प्रस्ताव किया गया है और ये दोनों बांग्लादेश की सीमा पर स्थित हैं।

अनुबंध

# पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों (एलसीएस) की सूची

| क्रम. सं. | एलसीएस का नाम | पड़ोसी देश | अधिसूचित मार्ग | |
|---|---|---|---|---|
| | | | भूमि मार्ग | नदी का मार्ग |
| 1. | अगरतला | बांग्लादेश | 1. अगरतला और अखौरा रोड पुलिस चौकी के बीच की सड़क। | शून्य |
| 2. | बाघमारा | बांग्लादेश | बाघमारा -दुर्गापुर रोड | सोमेश्वरी नदी |
| 3. | बालात | बांग्लादेश | शिलांग-बलाट-डांगर-लालपानी लोक निर्माण विभाग सड़क बांग्लादेश में दलूरा तक | शून्य |
| 4. | भोलागंज | बांग्लादेश | 1. डियर वैली<br>2. डुबा चैनल<br>3. कोमोर्रा छटाक रोपवे<br>4. भोलागंज से कंपनीगंज तक लोक निर्माण विभाग का अश्व मार्ग | 1. दरोगाखाल नदी<br>2. ढोलई नदी<br>3. सोनल नदी. |
| 5. | बोरसोरा | बांग्लादेश | 1. चेर्रागाँव (भारत) से चेर्रागाँव (बांग्लादेश)<br>2. बरसोरा (इंडिया) - ताहीरपुर के रास्ते बरसोरा (बांग्लादेश)<br>3. चालितचेर्रा खदान से बांग्लादेश के समसर तक ट्रॉली ट्रैक<br>4. गौरीपुर (भारत) से बांग्लादेश में समसर तक ट्रॉली ट्रैक। | जादुकता नदी |
| 6. | दालू | बांग्लादेश | डालू-नालतबारी सड़क | भुगाई नदी |
| 7. | दावकी | बांग्लादेश | शिलांग-सिलहट रोड | पीयन नदी |
| 8. | देमागिरी | बांग्लादेश | शून्य | कर्नाफूली नदी |
| 9. | धोलईघाट | बांग्लादेश | हलहली से कमालपुर तक की सड़क | धलाई नदी हलहली से धलाई चेकिंग स्टेशन तक |
| 10. | धुबरी स्टीमरघाट | बांग्लादेश | धुबरी-रहुमारी - ब्रह्मपुत्र नदी पर स्टीमर मार्ग का बहादुरबाद खंड | शून्य |
| 11. | घसूआपाड़ा | बांग्लादेश | घसूआपाड़ा- ( गारो हिल्स भारत) से बलुआघाट ( मईमेनसिंह, बांग्लादेश) | शून्य |
| 12. | गोलाकगंज | बांग्लादेश | 1. सोनाहाट से गोलकगंज रोड<br>2. करुनी भाग-II से सीमा स्तंभ सं.1009 | शून्य |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | तक दीमाकुरी - बिशखोवा सड़क | |
| 13. | गुवाहाटी स्टीमरघाट | बांग्लादेश | शून्य | ब्रहमपुत्र नदी पर स्टीमर मार्ग का राहुमारी -धुबरी – गुवाहाटी खंड |
| 14. | करीमगंज स्टीमरघाट | बांग्लादेश | शून्य | 1. कुसियारा नदी<br>2. सुरमा नदी<br>3. लोंगाई नदी |
| 15 | करीमगंज फेरी स्टेशन | बांग्लादेश | शून्य | 1. कुसियारा नदी<br>2. सुरमा नदी<br>3. लोंगाई नदी |
| 16 | महेन्द्रगंज | बांग्लादेश | 1. महेन्द्रगंज पुलिस स्टेशन से धनुआ - कमालपुर (बांग्लादेश) तक सड़क<br>2. महेन्द्रगंज पुलिस स्टेशन से जिंजीराम नदी तक सड़क | जिंजीराम नदी |
| 17 | खोवईघाट | बांग्लादेश | कल्याणपुर से खोवईघाट तक की सड़क | तेलीयामूरा से खोवईघाट तक खोवई नदी |
| 18 | महिषासन रेलवे स्टेशन | बांग्लादेश | करीमगंज से लाटू रेलवे स्टेशन तक रेलवे लाइन | शून्य |
| 19 | मंकाचर | बांग्लादेश | तुरा- रहूमरी रोड | तुरा रोड के एप्रोच से जिंजीराम नदी तक कालो नदी |
| 20 | मनु | बांग्लादेश | 1. कैलाशहर से मुर्तिचेरा होते हुए शमशेरनगर तक जाने वाला मोटर मार्ग<br>2. कैलाशहर से मुराइचेरा तक मोटर मार्ग<br>3. कैलाशहर से शमशेरनगर तक मोटर मार्ग | फतीकराई से मनुघाट तक मनु नदी |
| 21. | मुहुरीघाट | बांग्लादेश | मुहुरीघाट से बेलोनिया रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क | मुहुरीघाट तक मुहुरी नदी |
| 22. | ओल्ड राघनाबाजार | बांग्लादेश | धर्मनगर-ओल्ड राघना बाजार से बेतुली-फुलताला (बांग्लादेश) तक की सड़क | शून्य |
| 23. | रिंगकू | बांग्लादेश | शून्य | 1. चिल्लई नदी<br>2. कईमारा नदी |
| 24. | सबरूम | बांग्लादेश | शून्य | फेनी नदी के रास्ते आनंदपारा (भारत) - रामगढ़ (बांग्लादेश) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25. | शेल्लाबाजार | बांग्लादेश | 1. पैरकान से फहरांगकरूह (बीपी सं. 1231-एस के पास) से होते हुए बांग्लादेश में बसतौला तक भूमि मार्ग<br><br>2. मैसर्स लफार्ज यूमियम माईनिंग प्रा. लि., एक 100% निर्यात आधारित ईकाई, का 07 किलोमीटर लंबा ऐलीवेटेड कन्वेयर बेल्ट, जो कंपनी की क्रशर साइट से शुरू होता है और पश्चिम में फहलांगकरूह, बमनतील्ला तथा उमखाबा एवं पूर्व में पैरकान, कालाटेक गांवों तथा यूमियम नदी की भूमि की 40 मीटर चौड़ी पट्टी से होकर, बीपी सं. 1238-9एस (पश्चिम में) और 1238-10एस (पूर्व में) को पार करता हुआ बांग्लादेश के मंत्रीखाल गांव तक जाता है।<br><br>3. सीमा-स्तंभ सं. 1241 के पास पैरकान-कालाटेक-चारगांव से बांग्लादेश के सुनामगंज जिले में श्रीपुरी तक | 1. इच्छामती नदी<br>2. शेलिया नदी |
| 26. | श्रीमंतपुर | बांग्लादेश | उदयपुर- कोमिला रोड | गुमटी नदी |
| 27. | सुतरकंडी | बांग्लादेश | सिलहट-करीमगंज ट्रंक रोड | शून्य |
| 28. | सिलचर आरएमएस | बांग्लादेश | | शून्य |
| 29. | सीलघाट | बांग्लादेश | शून्य | रहुमारी - धुबरी- गुवाहाटी (पांडु ) - ब्रह्मपुत्र नदी पर स्टीमर मार्ग का सिघाट खंड |
| 30. | कलईचर | बांग्लादेश | कलईचर (पश्चिम गारो हिल्स) बालियामारी (जिला कुरीग्राम ) सीमा स्तंभ संख्या 1072 | शून्य |
| 31. | श्रीनगर | बांग्लादेश | श्रीनगर (त्रिपुरा) - पुरबामा - धुग्राम और चौईघारिया, सीमा-स्तंभ सं. 2195/5एस और 6एस का मध्य बिंदु | शून्य |
| 32. | कमलासागर | बांग्लादेश | कमलासागर (जिला सेफाईजाला , त्रिपुरा), सीमा स्तंभ संख्या 2039 | शून्य |
| 33. | मोरेह | म्यांमार | 1. मणिपुर इम्फाल-पल्लेल -तमू रोड | शून्य |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | (राष्ट्रीय राजमार्ग-39)<br>2. पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा में मोरेह सीमा-शुल्क निवारक कार्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-39 से उत्तर-दिशा में सीमा-स्तंभ सं. 79 और दक्षिण में छोटे सीमा-स्तंभ सं. 21 के बीच जीरो प्वाइंट तक जाने वाली सड़क (बीर-तिकेंद्रजीत रोड को गेट सं. 2 रोड भी कहा जाता है।) | |
| 34. | जोउखातर | म्यांमार | चंपई से जोउखातर तक सड़क मार्ग | शून्य |
| 35. | नामपोंग | म्यांमार | लेडो-तिरप-नामपोंग पंगसू पास रोड | शून्य |
| 36. | दरींगा | भूटान | 1. असम के कामरूप जिले में दरींगा से समद्रुप-झंकार (भूटान में) से रंगिया-तामुलपुर तक मोटर मार्ग।<br>2. असम में बोकाजूली को भूटान में मोतांगा औद्योगिक एस्टेट से जोड़ने वाली सड़क | शून्य |
| 37. | कमर्दवीसा | भूटान | भारत के कमर्दवीसा को भूटान के नंगनग्लान से जोड़ने वाली सड़क | शून्य |
| 38. | हतीसार | भूटान | असम के कोकराझार जिले में रुनीखाता और देवसिरी के रास्ते समतीयाबरी से गेलेफू (भूटान) तक मोटर मार्ग | शून्य |
| 39. | उल्टापानी | भूटान | नहराली वन बीट कार्यालय के रास्ते बिसमुरी से सरभंड (भूटान) तक का वन मार्ग | शून्य |
| 40. | शेराथांग | चीन | भारत में सिक्किम के पूर्वी सिक्किम जिले में शेरथांग और नाथुला दर्रे से होकर चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में रेनक्वींगेंग के बीच भूमि मार्ग | शून्य |

*****